पत्र संख्या–02गै0यो0–07/2018–3763/

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(पंचायती राज)

e-Mail / FAX

प्रेषक,

प्रवीण कुमार टोप्पो,
भा0प्र0से0,
सरकार के सचिव ।

सेवा में,

राज्य समन्वयक, प्रदान,
437, ए0, रोड नं0– 5, अशोक नगर, राँची – 834002
श्री प्रवीण कुमार,
स्टेट प्रोजेक्ट हेड, युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम
व्यक्ति विकास केन्द्र इण्डिया,
**4th T Block, Jayanagar, Banglore - 560041**

राँची, दिनांक– 19.9.18

**विषयः–** ग्राम पंचायत विकास योजनान्तर्गत "सबकी योजना सबका विकास" अभियान के संबंध में ।

**प्रसंगः–** पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक **K-14016/02/2018-PC** दिनांक 13.08.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि भारत सरकार द्वारा दिनांक 02.10.2018 से 31.12.2018 तक ग्राम पंचायत विकास योजनान्तर्गत **समुदाय आधारित योजना अभियान "सबकी योजना सबका विकास"** अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया है । इस अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा विशेष ग्राम सभा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण किया जाना निर्धारित है । यहाँ उल्लेखनीय है कि राज्य अन्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व में ही वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए योजनाओं का चयन कर लिया गया है । अतः इस अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व में ली गई योजनाओं की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता एवं आवश्यकता के अनुरूप पुर्नसमीक्षा की जाएगी एवं आवश्यकतानुसार नई योजनाएँ ली जा सकेंगी । इस अभियान के पूर्व भी इससे संबंधित कई कार्यक्रम आहूत किया जाना है । सुलभ प्रसंग हेतु अभियान से संबंधित मार्गदर्शिका संलग्न है ।

इस संबंध में वैसे ग्राम पंचायत जिन्हें बीकन पंचायत के रूप में विकसित करने हेतु आपके स्तर से कार्य किया जा रहा है, उन ग्राम पंचायतों में इस अभियान के सफलतापूर्ण आयोजन हेतु आपका सहयोग अपेक्षित है ।

अतः अनुरोध है कि आपसे संबंधित ग्राम पंचायतों में अभियान से संबंधित सभी कार्रवाईयों एवं विशेष ग्राम सभा के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु अपेक्षित कार्रवाई पूर्ण की जाय ।

अनु0:- यथोक्त ।

विश्वासभाजन
(signature) 19/9/18
सरकार के सचिव ।

अनिल/19.09.2018